## आप क्या कर सकते हैं?

नफरत के अनुभव से हमारे समुदायों में बहुत ज्यादा हानि और भय पैदा हो सकता है। यदि आप, आपके मित्र या whānau (परिवार) नफरत के व्यवहार से प्रभावित हुए हैं, तो **समर्थन**, **रिकॉर्ड** और **रिपोर्ट** करना महत्वपूर्ण है।

### 1. समर्थन या सहायता

सुनिश्चित करें कि आप और अन्य प्रभावित लोग अपराधी से दूर एक सुरक्षित स्थान पर हैं। यदि आप एक गवाह हैं, तो यह स्पष्ट करें कि प्रभावित व्यक्ति अकेले नहीं हैं और आप उनकी सहायता करने के लिए वहाँ हैं।

### 2. उसे रिकॉर्ड करें

अगर कोई जाँच होती है तो घटना से रिकॉर्ड किया गया या संरक्षित कोई भी सबूत महत्वपूर्ण हो सकता है। यदि सुरक्षित रूप से ऐसा करना संभव है, तो आप यह कर सकते हैं:

- घटना का वीडियो रिकॉर्ड करें या तस्वीरें लें
- किसी भी भौतिक सबूत को सुरक्षित रखें
- समय, स्थान और शामिल लोगों (या लोगों के विवरण) का ब्यौरा लिखें।

### 3. इसकी रिपोर्ट करें

आप सीधे किसी एजेंसी को रिपोर्ट कर सकते हैं या निकटतम अधिकारी या किसी जिम्मेदार व्यक्ति को बता सकते हैं - यह बस का ड्राइवर, सुरक्षा गार्ड या रिसेप्शन डैस्क हो सकते हैं। आप किसी ऐसे व्यक्ति को भी बता सकते हैं जिस पर आप भरोसा करते हैं और जो घटना की रिपोर्ट करने में आपकी मदद कर सकता/ सकती है।

**अगर कोई खतरे में है तो 111 नंबर पर फोन करें।**

रिपोर्ट करना हमारे समुदायों को सुरक्षित, मजबूत और समर्थित बनाए रखने में मदद करता है।

Te Kāwanatanga o Aotearoa
New Zealand Government

NEW ZEALAND POLICE
Ngā Pirihimana o Aotearoa

CRIME STOPPERS
Aukati Takahi Ture

Te Tari Taiwhenua
Internal Affairs

Manaaki Tāngata
Victim Support

netsafe
netsafe.org.nz

certnz

Te Kāhui Tika Tangata
Human Rights Commission

# आओटियारोआ में नफरत के खिलाफ साथ मिल कर खड़े होना

नफरत किसी को भी प्रभावित कर सकती है और हम सभी को, हमारे दोस्तों, हमारे परिवारों और हमारे समुदायों को नुकसान पहुंचा सकती है।



**यदि आपको संदेह है कि आप, कोई व्यक्ति जिसे आप जानते हैं, या किसी समूह को उनकी जाति, धर्म, लिंग पहचान, सैक्सुअल ओरिएंटेशन (यौन झुकाव), आयु, विकलांगता, या उनकी पहचान के किसी अन्य हिस्से के कारण उन्हें निशाना बनाया जा रहा है, तो इसकी रिपोर्ट करना जरूरी है।**

नफरत को कई तरह के व्यवहारों में देखा जा सकता है। हानिकारक नाम पुकारने से लेकर धमकी, उत्पीड़न, ऑनलाइन दुर्व्यवहार, आपराधिक नुकसान, हमला और यौन हिंसा तक। इन कृत्यों का उद्देश्य व्यक्ति(यों) और व्यापक समुदायों को सिर्फ उनकी पहचान के कारण या वे कौन हैं उसके कारण नुकसान पहुंचाना या भय पैदा करना है।

हमारे देश में नफरत के कारण होने वाले नुकसान के प्रभाव की जानकारी की पूरी तस्वीर के द्वारा रिपोर्ट करने से उसे कम किया जा सकता है। यह एजेंसियों को व्यवहारों पर निगाह रखने और उन्हें रोकने के साथ-साथ प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान करने में सक्षम बनाता है।



# रिपोर्ट करें

यदि आप रिपोर्ट नहीं करते हैं, तो हम सहायता नहीं कर सकते।

हम समझते हैं कि इन घटनाओं के बारे में बात करना मुश्किल हो सकता है। रिपोर्ट करने और सहायता प्राप्त करने के लिए आपके पास कई विकल्प हैं, जिनमें ऐसी संस्थाएं भी शामिल है जहाँ आप सुरक्षित और गुमनाम रुप से बात कर सकते हैं।

## पुलिस

अगर कोई खतरे में है या अभी कोई घटना घटित हो रही है तो तुरंत 111 नंबर पर फोन करें।

यदि कोई घटना पहले ही घटित हो चुकी है और कोई तत्काल खतरे में नहीं है, तो इसकी ऑनलाइन 105.police.govt.nz पर रिपोर्ट करें।

## Netsafe (नेटसेफ)

नेटसेफ न्यूज़ीलैंड की स्वतंत्र, गैर-लाभकारी ऑनलाइन सुरक्षा संस्था है। आप दुर्व्यवहार, डराने-धमकाने और उत्पीड़न सहित अन्य मुद्दों की रिपोर्ट ऑनलाइन कर सकते हैं।

netsafe.org.nz/report पर जाएं

या 0508 NETSAFE (0508 638 723) पर फोन करें

## The Department of Internal Affairs (आंतरिक मामलों का विभाग): Countering Violent Extremism Online (ऑनलाइन हिंसक अतिवाद का मुकाबला)

DIA की डिजिटल हिंसक अतिवाद टीम हिंसक अतिवाद को बढ़ावा देने या प्रोत्साहित करने वाली आपत्तिजनक सामग्री का जवाब देकर और उसे फैलने से रोककर न्यूज़ीलैंडवासियों को ऑनलाइन नुकसान से सुरक्षित रखने के लिए ज़िम्मेदार है।

dia.govt.nz/Countering-Violent-Extremism पर जाएं

## Crime Stoppers (क्राइम स्टॉपर्स)

Crime Stoppers एक स्वतंत्र चैरिटी है जो आवाज उठाने और रिपोर्ट करने के लिए एक सुरक्षित और गुमनाम विकल्प प्रदान करती है।

वे आपके द्वारा प्रदान की गई जानकारी को सही संस्था तक पहुँचा सकते हैं और यह समझना चाहते हैं कि आप क्या जानते हैं, न कि आप कौन हैं।

crimestoppers-nz.org/report पर जाएं

या किसी अनुभवी कॉल टेकर (फोन लेने वाले) से बात करने के लिए 0800 555 111 पर फोन करें।

## Te Kāhui Tika Tangata Human Rights Commission (मानवाधिकार आयोग)

मानवाधिकार आयोग गैरकानूनी भेदभाव, यौन और नस्लीय उत्पीड़न और हानिकारक वक्तव्य के बारे में पूछताछ और शिकायतों में मदद करने के लिए एक निःशुल्क, गोपनीय सेवा प्रदान करता है।

tikatangata.org.nz पर जाएं

या 0800 496 877 नंबर पर फोन करें

## CERT NZ (सर्ट एनज़ैड)

CERT NZ न्यूज़ीलैंड में साइबर सुरक्षा खतरों का जवाब देता है। वे साइबर सुरक्षा घटनाओं से प्रभावित लोगों की सहायता करते हैं, और सूचना एवं सलाह प्रदान करते हैं।

cert.govt.nz/report पर जाएं

# समर्थन या सहायता

आपको कभी भी ऐसा नहीं महसूस होना चाहिए कि आप अकेले हैं। सदैव सहायता उपलब्ध है।

## Victim Support (विक्टिम सपोर्ट)

अगर आप किसी अपराध के शिकार हुए हैं, तो मामला चाहे जितना भी गंभीर हो, सहायता उपलब्ध है। अपराध के भावनात्मक और व्यावहारिक प्रभावों से निपटने में Victim Support (विक्टिम सपोर्ट) आपकी मदद कर सकते हैं, और कानूनी प्रक्रिया समझने में आपकी मदद के लिए जानकारी प्रदान कर सकते हैं।

victimsupport.org.nz पर जाएं

या 0800 842 846 नंबर पर फोन करें

## मानसिक स्वास्थ्य सहायता

मदद के लिए कई तरह के संसाधन और सेवाएं उपलब्ध हैं, जिनमें फोन और ऑनलाइन सेवाएं तथा जानकारी एवं आमने-सामने की सहायता शामिल है।

डिप्रेशन हैल्पलाइन
फोन 0800 111 757
टैक् 4202
देखें depression.org.nz

1737
फोन या टैक् करें 1737
देखें 1737.org.nz

आत्महत्या संकट हैल्पलाइन
फोन करें 0508 TAUTOKO

द लोडाउन
फोन 0800 111 757
टैक् 5626
देखें thelowdown.co.nz

लाइफलाईन
फोन 0800 LIFELINE
टैक् HELP या 4357
देखें lifeline.org.nz

## Community support (सामुदायिक सहायता)

Neighbourhood Support (नेबरहुड सपोर्ट) पुलिस के साथ मिलकर सुरक्षित, लचीला और जुड़ा हुआ समुदाय बनाने के लिए, आस-पड़ोस को साथ लाने का काम करता है

neighbourhoodsupport.co.nz पर जाएं

या 0800 4 NEIGHBOURS पर फोन करें

### पुलिस संपर्क अधिकारी

Iwi Liaison Officers (ईवी संपर्क अधिकारी) सांस्कृतिक मुद्दों में मार्ग निर्देशन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और माओरी लोगों के साथ पुलिस संबंधों को बेहतर बनाने के लिए काम करते हैं।

Ethnic and Pacific Liaison Officers (जातीय और पैसीफिक संपर्क अधिकारी) देश भर के समुदायों में काम करते हुए, वे आपकी चिंताओं को सुनते हैं और आपके समुदायों में सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए काम करते हैं।

Diversity Liaison Officers (विविधता संपर्क अधिकारी) हमारे समुदाय में पुलिस और उन लोगों के बीच संपर्क प्रदान करते हैं जो gay (समलैंगिक पुरुष), lesbian (समलैंगिक महिला), उभयलिंगी, ट्रांसजेंडर, इंटरसैक्स और queer (समलैंगिक) के रुप में अपनी पहचान करते हैं।

अपने स्थानीय संपर्क अधिकारी से संपर्क करने के लिए, police.govt.nz/contact-us/local-contacts पर जाएं।